प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 30.06.2024

- **अवैध जुए/सट्टे के विरूद्ध कानपुर देहात पुलिस की कड़ी कार्यवाही जारी।**
- **थाना डेरापुर पुलिस टीम की कार्यवाही से हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे पांच अभियुक्तों को कुल 15,000 रूपये व 52 अदद ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 29.06.2024 को लगभग 16.30 बजे मुखबिर खास की सूचना पर स्टार भट्टा जरौली के पीछे नहर बम्बी की पटरी आम और नीम के पेड़ के पास हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुये फड़ से 11,800/ रूपये नगद व 52 ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 3200/- रूपये बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में थाना डेरापुर पर मु0अ0सं0 0115/2024 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. सूर्य कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 कालिका प्रसाद निवासी ग्राम रमपुरा कांधी, थाना डेरापुर, कानपुर देहात,
2. विनोद कुमार कटियार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम डाढापुर, थाना राजपुर, कानपुर देहात,
3. रामबेटा पाल पुत्र राजाराम पाल निवासी ग्राम कौरोवा, थाना डेरापुर, कानपुर देहात,
4. शिशुपाल सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी बैना, थाना राजपुर, कानपुर देहात,
5. दिनेश कुमार मेहरोत्रा पुत्र शिवनरायन निवासी ग्राम कौरोवा, थाना डेरापुर, कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

52 अदद ताश के पत्ते व माल जामा तलाशी 3200 रुपये व माल फड़ 11,800 रुपये

गिरफ्तार करने वाली थाना डेरापुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अमरेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी कांधी,
2. उ0नि0 श्री राहुल कुमार, चौकी प्रभारी मुंगीशापुर,
3. हे0का0 340 हरगोविन्द सिंह,
4. का0 196 रवि कुमार,
5. का0 281 सुनील कुमार,
6. का0 813 राजू पटेल,